# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार

**(www.psc.uk.gov.in)**

संख्या : 176(1)/16/E-3/DR(RO/ARO)/2023-24, दिनांक :: 31 जनवरी, 2025

## <u>विस्तृत विज्ञप्ति</u>

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023, हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–A-1/E-3/DR(RO/ARO)/2023 दिनांक 08 सितम्बर, 2023 के सापेक्ष दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर 2024 को सम्पन्न मुख्य परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं परम्परागत प्रकृति) के परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति संख्या 60/23/RO-ARO 2023/G-1/2024.25 दिनांकः 30 जनवरी 2025 द्वारा घोषित किया गया है।

02. उक्तांकित मुख्य परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं परम्परागत प्रकृति) में औपबन्धिक रूप से सफल घोषित कुल 735 अभ्यर्थियों से **विभागवार ऑनलाईन वरीयता (Online Preference)** भरने हेतु दिनांक 14.02.2025 से 06.03.2025 तक ऑनलाईन लिंक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी सफल घोषित अभ्यर्थियों को उक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाईन वरीयता भरना अनिवार्य है। वरीयता भरने के पश्चात् किसी भी दशा में ऑनलाइन वरीयता परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः अभ्यर्थी वरीयता भरने से पूर्व आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर उपलब्ध प्रश्नगत परीक्षा के विज्ञापन व शुद्धि पत्रों का अवलोकन अवश्य कर लें।

03. उक्तांकित मुख्य परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं परम्परागत प्रकृति) में औपबन्धिक रूप से सफल घोषित कुल 735 अभ्यर्थियों हेतु **हिन्दी टंकण (अनिवार्य) एवं अंग्रेजी टंकण (वैकल्पिक) तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान परीक्षा (अर्हकारी प्रकृति) दिनांक 24.02.2025 से 06.03.2025 तक ज्ञानोदय लैब, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में प्रातः 10 बजे से एवं अभिलेखों का सत्यापन अपराह्न 01:30 बजे से परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में** निम्न कार्यक्रमानुसार किया जाना प्रस्तावित हैः–

### हिन्दी टंकण (अनिवार्य) एवं अंग्रेजी टंकण (वैकल्पिक) तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान परीक्षा (अर्हकारी प्रकृति) एवं अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम

| क्रम संख्या | परीक्षा तिथि | विषय का नाम/ विषय कोड | समय | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 24.02.2025<br>25.02.2025<br>27.02.2025<br>28.02.2025<br>03.03.2025<br>04.03.2025<br>05.03.2025 | हिन्दी टंकण (अनिवार्य)/94<br>अंग्रेजी टंकण (वैकल्पिक) /95<br>कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान परीक्षा (अर्हकारी प्रकृति)/96 | पूर्वाह्न 10:00 बजे से प्रारम्भ | प्रथम सत्र<br>लैब 01–50 अभ्यर्थी<br>लैब 02–50 अभ्यर्थी |
| | | अभिलेख सत्यापन | अपराह्न 01:30 बजे से प्रारम्भ | द्वितीय सत्र (प्रतिदिन 100 अभ्यर्थी) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 06.03.2025 | हिन्दी टंकण (अनिवार्य)/94<br>अंग्रेजी टंकण (वैकल्पिक) /95<br>कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान परीक्षा (अर्हकारी प्रकृति)/96 | पूर्वाह्न 10:00 बजे से प्रारम्भ | प्रथम सत्र लैब 01–24 अभ्यर्थी लैब 02–11 अभ्यर्थी (**OA, PB,B** तथा **LV** अभ्यर्थी हेतु आरक्षित) |
| | | अभिलेख सत्यापन | अपराह्न 01:30 बजे से प्रारम्भ | द्वितीय सत्र (केवल 35 अभ्यर्थी) |

**नोट– प्रत्येक दिवस को प्रथम सत्र में अभ्यर्थियों की हिन्दी टंकण (अनिवार्य) एवं अंग्रेजी टंकण (वैकल्पिक) तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान परीक्षा (अर्हकारी प्रकृति) का आयोजन ज्ञानोदय लैब, परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में प्रातः 10 बजे से एवं द्वितीय सत्र में उन्हीं अभ्यर्थियों के अभिलेखों की सन्निरीक्षा का कार्य, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में अपराह्न 01:30 बजे से परीक्षा भवन के प्रथम तल में आयोजित किया जायेगा। कृपया उपरोक्तानुसार ससमय परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घण्टा पूर्व अर्थात् प्रातः 09 बजे उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

04. अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में शैक्षिक अर्हता/अधिमानी अर्हता/आरक्षण इत्यादि के संबंध में किये गये दावों का उनके मूल अभिलेखों से मिलान किया जायेगा। इस ज्ञाप के साथ आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर निम्नलिखित प्रपत्र भी उपलब्ध कराये जा रहे है, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरते हुए, चैकलिस्ट के अनुसार अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण हेतु प्रमाण पत्र आदि अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों के 02 सैट के साथ प्रवेश पत्र में अंकित तिथि एवं समय के अनुसार आयोग कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे–

(क) ऑनलाइन आवेदन पत्र (**Online Application Form**)
(ख) विस्तृत आवेदन–पत्र (**Detailed Application Form**) (प्रपत्र संख्या–02)
(ग) प्रमाणीकरण–पत्रक (**Attestation Form**) (प्रपत्र संख्या–03)
(घ) देशना–पत्रक (**Index Card**) (प्रपत्र संख्या–04)।
(ड.) चैकलिस्ट (**Check List**)
(च) पासपोर्ट साइज के 02 नवीनतम स्वप्रमाणित फोटोग्राफ।
(छ) विभागवार ऑनलाईन वरीयता (**Online Preference**) की प्रति।

**नोट– अभ्यर्थीगण विस्तृत आवेदन–पत्र (प्रपत्र संख्या–02), प्रमाणीकरण–पत्रक (प्रपत्र संख्या–03), देशना–पत्रक (प्रपत्र संख्या–04) एवं चैकलिस्ट को पूर्णतः भर कर सभी प्रमाण पत्रों को चैकलिस्ट में उपलब्ध कराये गये क्रम में लगाते हुए अभिलेख सत्यापनकर्ता को 02 सैट में प्रस्तुत करेंगें, अतः उक्त प्रपत्रों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हुए, कॉलम में प्रविष्टियों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।**

05. यदि अभ्यर्थी परीक्षा एवं अभिलेखों की जांच हेतु नियत तिथि को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनको अंतिम चयन परिणाम हेतु विचारित नहीं किया जाएगा।

06. उक्त विज्ञापन के अनुक्रम में दिव्यांगजन अभ्यर्थी जिनके द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रुतलेखक का दावा किया गया है, ऐसे अभ्यर्थी श्रुतलेखक के सम्बन्ध में किये गये दावे

के सापेक्ष 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के लिए **परिशिष्ट–7(1)** एवं **परिशिष्ट–7(2)** तथा ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, के लिए **परिशिष्ट– 8(1)** एवं **परिशिष्ट–8(2)** को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ परिशिष्ट–7(2) अथवा परिशिष्ट–8(2) में किये गये दावे के आधार पर श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका/प्रमाण–पत्र **दिनाँक 15.02.2025** तक सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन–249404 कार्यालय में डाक अथवा ई–मेल–**soexamthree@gmail.com** के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

07. उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। दिव्यांग अभ्यर्थी उक्त परिशिष्ट आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनके द्वारा श्रुतलेखक आयोग कार्यालय से उपलब्ध कराये जाने का दावा ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया गया है, को हरिद्वार में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात **21 फरवरी, 2025 (शुक्रवार)** को लोक सेवा आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते हैं।

08. उक्त परीक्षा के लिए औपबन्धिक रुप से अर्ह अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र **(Admit-Card)** दिनांक 14 फरवरी, 2025 (शुक्रवार) से आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** अथवा **ukpsc.net.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से प्रवेश–पत्र **(Admit-Card)** प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

09. आयोग परिसर के भीतर मोबाइल फोन, कैमरा तथा अन्य इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

**-Sd-**
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव